फा. सं. 12016/32/2025-रा.भा.(का.2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

***

एनडीसीसी-2 भवन,बी विंग,चौथा तल,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001,
दिनांकः05 फरवरी, 2026

## कार्यालय ज्ञापन

**विषयः दिनांक 20 फरवरी, 2026 को अगरतला (त्रिपुरा) में आयोजित होने वाले संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के संबंध में।**

आप अवगत हैं कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व, पूर्वोत्तर एवं उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन अत्यंत भव्य एवं गरिमामयी स्वरुप में अगरतला, त्रिपुरा में किया जाना है। यह आयोजन 20 फरवरी, 2026 को इंटरनेशनल इंडोर एग्जिबिशन सेंटर, हपानिया, अगरतला (त्रिपुरा) में होगा। इस समारोह में केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों, नराकासों एवं अन्य संगठनों के अधिकारीगण की भी उपस्थिति होगी।

2. इस सम्मेलन को अधिक भव्य बनाने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शनी लगवाए जाने की योजना है। अतः सभी संगठनों से अनुरोध है कि यदि आपके संगठन ने राजभाषा से सम्बंधित कुछ विशेष नवाचार/उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसे आपके स्टाल में प्रदर्शित कर सके, तो उसका ब्यौरा तत्काल राजभाषा विभाग को भिजवा दें।

3. इच्छुक संगठन अपनी सूचना 02 दिनों के भीतर अनुसंधान अधिकारी के ई-मेल आईडी santosh.gupta89@nic.in पर भिजवा दें ।

भवदीय

(ले कर्नल राम नरेश शर्मा)
निदेशक (कार्यान्वयन)
दूरभाष: 23438129

प्रति :

1. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/बोर्ड/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।